देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 91 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**भरोसा कहां है



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 5 जुलाई 2020



मौसम अधिकतम 35.0° न्यूनतम 26.0°

35414.45

2 ओली के भविष्य पर फैसला टला
7 कोहली को ट्रोल करने की कोशिश

# कोविड–19 से लड़ाई में सतर्कता जरूरी

## कान्टेक्ट ट्रेसिंग, सर्विलांस और सेम्पलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि कोविड–19 के एक्टीव मामलों में कमी होने पर भी लगातार सावधान रहने की जरूरत है। प्रशासनिक स्तर पर किसी तरह की शिथिलता न हो। शनिवार को मुख्यमंत्री ने कोविड–19 के संक्रमण की रोकथाम तथा बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमारी रिकवरी रेट 81 प्रतिशत से अधिक हो गई है। मृत्यु दर को कम करने पर विशेष ध्यान देना होगा। गम्भीर मामलों पर जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वयं लगातार नजर रखें। ऐसे मामलों में अविलम्ब रेस्पोंस सुनिश्चित किया जाए। लगातार सर्विलांस किया जाए और संदिग्ध मामलों में सेम्पलिंग जरूर की जाए।



### विभिन्न मानकों पर राज्य की स्थिति बेहतर

सचिव अमित नेगी ने बताया कि राज्य में कोविड–19 के कुल एक्टीव केस 500 से भी कम रह गए हैं। पिछले सात दिन में कोरोना की वृद्धि दर 0.56 प्रतिशत है जबकि भारत में यह 1.28 प्रतिशत है। उत्तराखण्ड में पॉजिटीविटी रेट 4.68 प्रतिशत है और देश में औसत पॉजिटीविटी रेट 6.73 प्रतिशत है। राज्य में कुल पॉजिटिव मामलों में से 89 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों में और 11 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में पाए गए हैं। सेम्पलिंग में भी पहले की तुलना में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

**एक्टीव मामलों में कमी आई, पर किसी तरह की ढिलाई न आए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग 4 माह में कोविड–19 को नियंत्रित करने के लिए काफी काम किया गया है। इसी का परिणाम है कि वर्तमान में प्रदेश में कोरोना का रिकवरी रेट 81 प्रतिशत से अधिक है और यह निरंतर बढ़ रहा है। हमारे यहां एक्टीव मामलों की संख्या 500 से भी कम हो गई है। परंतु अभी आराम का समय नहीं है। सतत सतर्कता बनाए रखनी है। क्लिनिकल मैनेजमेंट में गम्भीरतम मामलों पर उच्च स्तर से मॉनिटरिंग की जाए। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रि आदि फ्रंटलाईन वर्कर कोविड–19 के खिलाफ लड़ाई में हमारे प्रमुख योद्धा हैं। इनके मानदेय के भुगतान में किसी प्रकार का विलम्ब नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने प्रदेश में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क व फिजीकल डिस्टेंसिंग का पालन सख्ती से कराया जाए। कोविड केयर सेंटरों में वर्तमान में 22601 रिक्त बेड उपलब्ध हैं।

### कान्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए तीन राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम कार्यरत

आईजी संजय गुन्ज्याल ने बताया कि प्रदेश में कान्टेक्ट ट्रेसिंग के लिए तीन कंट्रोल रूम काम कर रहे हैं। देहरादून, उत्तरकाशी व टिहरी के लिए देहरादून कंट्रोल रूम, हरिद्वार, पौड़ी, चमोली और रूद्रप्रयाग के लिए हरिद्वार कंट्रोल रूम और कुमायूं मण्डल के सभी जिलों के लिए रामनगर कंट्रोल रूम कार्य कर रहा है। सभी 13 जिलों में कांटेक्ट ट्रेसिंग के लिए बीआरटी और सीआरटी सक्रिय हैं। हर जिले में इसके लिए एक नोडल अधिकारी भी तैनात है। बैठक में आयुक्त गढ़वाल रविनाथ रमन, आयुक्त कुमायूं अरविंद सिंह ह्यांकि, सचिव डा. पंकज कुमार पाण्डेय, अपर सचिव युगल किशोर पंत, महानिदेशक स्वास्थ्य डा. अमिता उप्रेति सहित सभी जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बुजुर्गो और गम्भीर बीमार व्यक्तियों के हेल्थ स्टेटस की लगातार मॉनिटरिंगः सीएस

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि कोविड–19 को लेकर किसी भी प्रकार का निर्णय बहुत सोच समझकर लिया जाता है। प्रदेश में स्थिति धीरे–धीरे सुधर रही है। अन्य बहुत से प्रदेशों से हमारी स्थिति बेहतर है। परंतु अभी भी हमारे प्रयासों में किसी प्रकार की ढ़िलाई नहीं आनी चाहिए। कान्टेक्ट ट्रेसिंग में कमी न रहे। कोविड–19 के प्रति संवेदनशील बुजुर्गो, छोटे बच्चों और बीमार व्यक्तियों को टार्गेट करते हुए उनके हेल्थ स्टेटस को लगातार मॉनिटर किया जाए। जो भी डाटा प्राप्त होता है, जिलाधिकारी भी उसका विश्लेषण कर देखें कि उनके जिले में कहां कमियां रही हैं। उनमें सुधार किया जाए। कोविड–19 के साथ ही डेंगू पर भी ध्यान देना है। बरसात के सीजन को देखते हुए भी सभी तैयारियां कर ली जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेशवासियों को गुरू पूर्णिमा की बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेशवासियों को गुरू पूर्णिमा की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अपने गुरूओं के प्रति आस्था प्रकट करने का स्मरण कराता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन चारो वेदों के रचयिता एवं महाभारत जैसे कालजई रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।

### जनसुरक्षा को मुख्य बाजरों में रहेगी साप्ताहिक बन्दी

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार ने अवगत कराया है कि कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम के लिए जनसुरक्षा हित में जनपद अन्तर्गत स्थानीय बाजारों में साप्ताहिक बन्दी निर्धारित की गयी है। इस दौरान निर्माण कार्य, औद्योगिक ईकाइयों से सम्बन्धित गतिविधियां संचालित हो सकेंगी तथा प्रातः कालीन मॉर्निंग वॉक पर यह प्रतिबन्ध लागू नही होगा।

## प्रदेश में संक्रमित मरीजों की संख्या 3093 पहुंची

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में शनिवार को 45 और कोरोना संक्रमित मामले मिले हैं। इन्हें मिलाकर प्रदेश में संक्रमित मरीजों की संख्या 3093 पहुंच गई है। वहीं, 21 संक्रमित मरीजों को इलाज के बाद घर भेजा गया है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार शनिवार को आई जांच रिपोर्ट में 2461 सैंपल नेगेटिव मिले हैं। वहीं, 45 सैंपलों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। ऊधमसिंह नगर जिले में 17 संक्रमित मिले हैं। इनमें छह दिल्ली, एक गुरुग्राम, एक बंगलूरू, एक जयपुर, एक फरीदाबाद, चार संक्रमित संपर्क में और तीन की ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। दून में आठ संक्रमितों में एक स्वास्थ्यकर्मी, एक बिजनौर, एक बरेली, एक पश्चिम बंगाल, एक दिल्ली, दो संपर्क में और एक कोरोना मरीज की ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। बागेश्वर जिले में छह संक्रमित कानपुर से लौटे हैं। उत्तरकाशी जिले में पांच संक्रमितों में चार दिल्ली और एक चंडीगढ़ से आये हैं।

## पौड़ी जिले में बनेगा माता सीता का भव्य मंदिर

■ट्रस्ट के अध्यक्ष को सीएम करेंगे नामित

**सवांददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के पौड़ी जिले के फलस्वाड़ी गांव में माता सीता का भव्य मंदिर बनाने हेतु मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ट्रस्ट के गठन की अनुमति दे दी है। 12 सदस्यीय इस ट्रस्ट के अध्यक्ष को मुख्यमंत्री द्वारा नामित किया जाएगा। ट्रस्ट में शेष सदस्यों के तौर पर पौड़ी क्षेत्र के कतिपय जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ विभिन्न विशेषज्ञों एवं अन्य वर्गों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया।

राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मुख्यमंत्री की इस पहल का को स्वागत योग्य बताया और कहा कि मुख्यमंत्री जी ने उनसे कहा था कि इस मंदिर के निर्माण के लिए हर घर से मिट्टी और हर घर की एक प्रयोग में लाई जाएगी।

पौड़ी में सीता जी के अतिरिक्त लक्ष्मण जी और वाल्मीकि जी के मंदिर भी आस पास ही स्थित हैं। मान्यता है कि इसी स्थान पर माता सीता ने भूमि समाधि ली थी और इस गांव के लोग वर्षों से माता सीता की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। ट्रस्ट के गठन की घोषणा पर सचिव पर्यटन एवं संस्कृति, दिलीप जावलकर ने कहा कि शीघ्र ही ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन कर लिया जाएगा।

प्रस्तावित सीता माता सर्किट, पौड़ी के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। राज्य सरकार की योजना इस स्थल को सीता सर्किट के माध्यम से धार्मिक पर्यटन के पटल पर लाने की है।

# जिस जेसीबी से रोका उसी से ढहाया दुबे का घर

## किलेनुमा घर को भी पुलिस टीम ने किया जमींदोज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। कानपुर में आठ पुलिसवालों की हत्या के मुख्य आरोपी विकास दुबे के घर और अन्य संपत्तियों पर शनिवार को पुलिस ने बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की। कानपुर के चौबेपुर स्थित बिकरू गांव के जिस घर से विकास दुबे ने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी, उसे जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया। यही नहीं इस दौरान घर के अंदर मौजूद वाहनों को भी पुलिस ने नहीं बक्शा और उन्हें तोड़–फोड़ डाला।

विकास के घर में फॉर्च्यूनर और स्कॉर्पियों दो गाड़ियां मौजूद थीं। इनमें से एक गाड़ी विकास के नाम पर है, जबकि दूसरी गाड़ी किसी अमन तिवारी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस की तोड़फोड़ के दौरान ये दोनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने इन्हें सीज कर दिया है। विकास के पिता को पुलिस ने घर से निकालकर दूसरे स्थान पर पहुंचाया है।

**मीडिया को घर के पास ना जाने का आदेशः** वहीं विकास के खिलाफ हुए ऐक्शन को अवैध कब्जे के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बीच मीडिया को घर के पास जाने की इजाजत नहीं दी है। इसके अलावा तमाम वरिष्ठ अफसरों को अब इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच सौंप दी गई है। विकास के खिलाफ कानपुर के थाने में 60 एफआईआर दर्ज है।

### चौबेपुर थाने के प्रभारी को किया सस्पेंड

इस मामले में प्राथमिक तौर पर एक बड़ा ऐक्शन लेते हुए थाना प्रभारी चौबेपुर विनय तिवारी को सस्पेंड कर दिया है। इस पूरे मामले में विनय तिवारी की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है और इसकी गहन जांच के आदेश भी दिए गए हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि चौबेपुर थाने के ही एक सब इंस्पेक्टर ने विकास दुबे को पुलिस के आने की सूचना दी थी। इस वक्त पुलिस को एक दरोगा, सिपाही और होमगार्ड पर शक है। तीनों की कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

## चीन ने नहीं दी कोरोना की पहले सूचना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जिनेवा। कोरोना वायरस को सतर्क नहीं करने पर दुनियाभर में आलोचना का शिकार हो रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पलटी मारी है। डब्ल्ल्ध्यूएचओ ने कहा है कि वुहान में निमोनिया जैसे मामलों के बारे में सबसे पहले चीन में उसके ऑफिस ने सूचना दी थी न कि खुद चीन ने। डब्ल्यूएचओ का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब विश्वभर में कोरोना के प्रसार को लेकर चीन और डब्ल्यूएचओ की भूमिका की जांच की मांग तेज हो गई है।

### आलोचना का शिकार हो रहे डब्ल्यूएचओ ने पलटी मारी है

डब्ल्यूएचओ पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार हमला बोलते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र की यह संस्था महामारी की सूचनाओं को मुहैया कराने में असफल रही और चीन को खुश करने में लगी रही।

डब्ल्यूएचओ ने इस आरोप का खंडन किया है। इन आलोचनाओं के बाद डब्ल्यूएचओ ने 9 अप्रैल को शुरुआती संवाद का आंशिक टाइमलाइन जारी किया था।